तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 20 अगस्त 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 सरकारी योजनाओं का सभी हितग्राहियों को लाभ दिलाएं अधिकारी



10 ताले में सिटी बस... चार साल से सेवा ठप, बसों ...



श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

# 33 कमरों में 6 पर सिमटा आईटीआई, भवन पर स्कूल का कब्जा

## कमरे की कमी में छात्र परेशान, सरकारी रिकार्ड में भवन आईटीआई का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

एक ही छत तले दो संस्थान और दोनों ही जगह कमरों की तंगी। करोड़ों की लागत से आईटीआई के लिए बना भवन आज जगह की जंग का केंद्र बन चुका है। सरकारी रिकॉर्ड में यह शासकीय आईटीआई का भवन है, लेकिन वास्तविकता यह है कि इसमें स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल भी चल रहा है। नतीजा यह कि न तकनीकी शिक्षा को पूरी जगह मिल रही और न ही सामान्य शिक्षा को।

भवन में कुल 33 कमरे हैं, पर आईटीआई को केवल 6 ही मिले हैं, जिसमें तीन थ्योरी और तीन लैब। इन्हीं कमरों में कोपा, विद्युतकार और फिटर ट्रेड के 128 प्रशिक्षणार्थी पढ़ रहे हैं। जगह की कमी के चलते अब तक डीजल मैकेनिक ट्रेड शुरू नहीं हो पाया और कोपा ट्रेड की सीटें भी नहीं बढ़ पाईं। प्रशिक्षणार्थियों का कहना है मशीनें तो हैं, पर उन्हें चलाने की जगह और शांति दोनों नहीं है।

भवन आईटीआई की जरूरतों को देखते हुए हाई वोल्टेज कनेक्शन और भारी मशीनों के साथ बना है। ऐसे में छोटे बच्चों की मौजूदगी खतरे से खाली नहीं। आईटीआई प्रशिक्षु कहते हैं कि शोरगुल के बीच प्रैक्टिकल करना मुश्किल है, जबकि स्कूल शिक्षक मानते हैं कि बच्चों के पास खेल, पार्किंग और असेम्बली जैसी गतिविधियों के लिए जगह ही नहीं बचती।

### आत्मानंद स्कूल में 704 बच्चे, कक्षाएं एडजस्ट

दूसरी ओर आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में 704 बच्चे एलकेजी से लेकर 12वीं तक पढ़ रहे हैं। कक्षाओं की भारी कमी है। 11वीं-12वीं के अलग-अलग संकायों की क्लास नियमित नहीं लग पा रही। कई क्लासें लैब में चल रही हैं। हॉस्टल के 10 कमरे भी स्कूल ने ले रखे हैं, जहां नर्सरी की क्लास और मिड-डे मील सेंटर एक साथ चल रहा है।




### अतिरिक्त कमरे की मांग की

हमने शिक्षा विभाग और स्कूल प्रबंधन को समस्या बताई है। अतिरिक्त कमरे खाली कराने की मांग की है। दोनों संस्थाएं एक ही परिसर में होने से पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

हरीश वर्मा, आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारी

### मांग पत्र भेजा है

एक ही परिसर में दो संस्थाएं होने से दिक्कतें हैं। हमने उच्च अधिकारियों को स्थायी भवन की मांग के लिए पत्र भेजा है। लेकिन फिलहाल कब मिलेगा, इसकी तारीख तय नहीं है।"

मालिकराम टंडन, प्राचार्य

## खबर संक्षेप

### समता एक्सप्रेस में महिला के 9 लाख से ज्यादा के जेवरात पर हाथ साफ

**भिलाई।** समता एक्सप्रेस ट्रेन दिल्ली से रायपुर आ रही एक महिला का पर्स नागपुर-गोंदिया के बीच पार हो गया। बैग में 9 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरत थे। घटना की जानकारी जब ट्रेन दुर्ग रेलवे स्टेशन के समीप पहुंचने पर जानकारी हुई। मिली जानकारी के मुताबिक रायपुर के शंकर नगर रायपुर निवासी अनामिका वर्मा 16 अगस्त को ट्रेन संख्या 12808 समता एक्सप्रेस निजामुद्दीन से रायपुर तक यात्रा कर रही थी। महिला का कोच नंबर एस-3 में बर्थ नंबर 21 था। ट्रेन नागपुर स्टेशन पर रुकी थी। तब महिला ने अपना ब्राउन रंग का लेडीज बैग को सिर के नीचे रखकर सो गईं। महिला को ट्रेन के चलने का भी ध्यान नहीं रहा। जब ट्रेन दुर्ग स्टेशन से करीब 10-15 मिनट पहले थी। तभी सामने बैठे यात्री के बच्चों की आवाज से महिला की नींद खुली। नींद से जागते ही महिला ने पर्स गायब मिला। ट्रेन में आसपास बैठे यात्रियों से पूछताछ किया मगर कुछ हासिल नहीं हुआ। यात्रियों के मुताबिक वे डोंगरगढ़ से जाग रहे थे। तब से किसी को उनके बैग के पास जाते नहीं देखा गया। संदेह है कि बैग नागपुर से गोंदिया के बीच ही चोरी हुआ है। महिला के बैग में 75.180 ग्राम सोने के जेवरात 45.345 ग्राम का कड़ा और 10 ग्राम का मंगलसूत्र था। इन जेवरातों की कीमत करीब 9 लाख रुपए आंकी गई है।

### महापौर कार्यालय में ध्वजारोहण

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव ने स्वतंत्रता दिवस अवसर पर स्थानीय सिविल लाइन (तुलसीपुर) स्थित अपने कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारीगण, सदस्यगण, नगर निगम अध्यक्ष एवं पार्षदगण, महापौर कार्यालय के समस्त स्टाफ एवं वार्डवासी उपस्थित रहे। महापौर ने लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते शहर के नगरिकों को स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण जागरूकता के लिए अपने स्तर पर छोटे-छोटे प्रयासों से बड़ा सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश करने और आने वाली पीढ़ी को एक बेहतर संस्कारधानी देने आव्हान किया।

### तीन वर्षों से नहीं मिल रहा चना फसल बीमा का लाभ

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम धनडोंगरी और खुरमुड़ी के किसानों को चना फसल बीमा की क्षतिपूर्ति राशि नहीं दी जा रही है। जिसको लेकर दोनों गांव के सैकड़ों किसानों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर फसल बीमा राशि दिलाए जाने की मांग की है। रबी सीजन में चने की फसल लेने वाले किसानों को चना फसल बीमा का लाभ नहीं मिल रहा है। जिसको लेकर डोंगरगढ़ क्षेत्र के दो गांव के किसान फसल बीमा से वंचित हो रहे हैं। किसानों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर फसल बीमा राशि देने की मांग कलेक्टर के नाम ज्ञापन के माध्यम से की है। किसानों ने कहा कि इस वर्ष चना फसल बीमा राशि दिया जाना था, जो अब तक नहीं दिया गया है। उन्होंने वर्ष 2024-25 की चना फसल बीमा राशि देने की मांग की है। कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे खुड़मुड़ी के किसानों ने कहा कि चना की अनावरी रिपोर्ट बनाने पटवारी स्वयं न आकर किसी और व्यक्ति को रिपोर्ट बनाने भेजा था। जिसकी वजह से किसानों में पटवारी के खिलाफ भी रोष है।

## आंदोलन

### अटल ज्योति पंप संचालन सुधार के लिए किसानों ने दी चार दिन की मोहलत

# गोड़गिरी सब स्टेशन का घेराव कनिष्ठ यंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला/भिंभौरी

गोड़गिरी सब स्टेशन के अटल ज्योति पंप कनेक्शन में लगातार विद्युत आपूर्ति बाधित होने से क्षेत्र के किसानों का जीवन दिक्कतों में घिर गया है। किसानों ने बताया कि पिछले कुछ सप्ताह से पंप केवल चार से छह घंटे ही चल पा रहे हैं। लो वोल्टेज की समस्या के कारण कई किसान अपने मोटर पंप चालू ही नहीं कर पा रहे हैं, जबकि कई पंप ऑटो स्विच जलने के कारण खराब हो चुके हैं। किसानों ने मंगलवार की सुबह सब स्टेशन का घेराव किया।

मौके पर जाकर देखा कि स्टेशन के पैनल रूम के सामने शराब की दो दर्जन से अधिक बोतलें पड़ी थीं न तो सीसीटीवी लगा है और न ही चौकीदार मौजूद है। सब स्टेशन का संचालन एक ही ऑपरेटर के भरोसे चल रहा है। किसानों ने कनिष्ठ यंत्री भिंभौरी जेई चारुलता सिन्हा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने मांग की है कि विद्युत संचालन 18 से 24 घंटे सुनिश्चित किया जाए। लो वोल्टेज की समस्या का निराकरण किया जाए। क्षेत्र में सरकारी लाइनमैन और ठेका कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए। गोड़गिरी सब स्टेशन में तीन बड़े 5 एमवीए ट्रांसफार्मर लगाए जाएं। किसी भी ट्रांसफार्मर फेल होने पर दो से तीन दिन में मरम्मत या नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए और गाड़ामोर अटल ज्योति पंप को अनावश्यक बंद न किया जाए।



### चक्काजाम की चेतावनी

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि 23 अगस्त तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे धरना प्रदर्शन, आंदोलन और चक्काजाम करेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान दिगम्बर परगनिहा, विकास कश्यप, लक्की वर्मा, नंदकुमार, गौकरण साहू, पिंकज वर्मा, बिरेन्द्र वर्मा, नरेन्द्र वर्मा, नारायण वर्मा, रेवाराम वर्मा, मोहन वर्मा, दूजेराम निषाद, मनोज साहू, दिलीप साहू, छन्नुलाल, मनोज साहू, तखत वर्मा, दुर्गेश वर्मा, प्रेमलाल चुनेश्वर कुमार, चोवाराम, ओमकार वर्मा, राधेश्याम, स्वरूप वर्मा, विष्णु प्रसाद वर्मा, सुंदरलाल, मनोज कुर्रे, डामन वर्मा, जितेंद्र सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## किसानों का सब स्टेशन बारगांव में प्रदर्शन



**बेमेतरा/बारगांव।** बेमेतरा जिले के बारगांव व आसपास के गांवों में लगातार लो वोल्टेज और बिजली कटौती की समस्या ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। खेतों में मोटर पंप नहीं चल पाने से फसलें सूखने लगी हैं। इधर, पिछले 25 दिनों से बारिश नहीं होने से धान की फसल बर्बाद होने की कगार पर है।

इसी समस्या को लेकर मंगलवार को किसानों ने सब स्टेशन बारगांव में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। जनपद पंचायत बेरला के उपाध्यक्ष शुभम वर्मा के नेतृत्व में बारगांव, पाहन्दा, अछोली, जमघट, मुड़पार, चेटवा व सहगांव के किसान बड़ी संख्या में जुटे और बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। किसानों ने पॉवर ट्रांसफार्मर व अटल ज्योति लाइन की पर्याप्त सप्लाई देने के साथ ही ग्राम अछोली में प्रस्तावित सब स्टेशन को मंजूरी प्रदान करने की मांग उठाई।बाद में किसानों ने सहायक अभियंता एके रात्रे और कनिष्ठ अभियंता अनामिका सिंह को ज्ञापन सौंपा।

- लो वोल्टेज और बिजली कटौती के खिलाफ जताया आक्रोश

जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शुभम वर्मा ने कहा कि अल्पवर्षा के कारण धान की फसल सूख रही है। किसान मोटर पंप से सिंचाई करने को मजबूर हैं, लेकिन बिजली विभाग की अघोषित कटौती से फसल चौपट हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसान उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

### ये रहे मौजूद

जनपद उपाध्यक्ष शुभम वर्मा, सच्चिदानंद मिश्रा, सूरज तिवारी पम्मू, टीकेश वर्मा उपसरपंच, तखत साहू, सतीश यादव, थानू साहू, तोरण साहू, पीलू साहू, दीनू वर्मा, संजय साहू, छम्मन यदु, देवेंद्र साहू, प्रकाश साहू पंच, कामता साहू, शिवप्रसाद साहू, धनेश वर्मा, सोनू वर्मा, राजेश साहू, राजेंद्र यादव, कृष्णा वर्मा, चंपेश साहू, देवलाल निषाद, भोला साहू, पुलकित निषाद, शुभम साहू, बोसेन्द्र पांडे, रवि निषाद सहित सैकड़ों किसान मौजूद थे।

# स्पंज आयरन के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला/भिंभौरी

बेरला ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोहड़िया में प्रस्तावित मैसर्स व्रजेश स्टील प्लांट प्राइवेट लिमिटेड स्पंज आयरन के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध तेज हो गया है। रविवार को पड़ोसी ग्राम गुधेली में आयोजित ग्राम सभा में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि किसी भी हाल में यह उद्योग नहीं खुलने दिया जाएगा।

- गुधेली कोहड़िया में प्रस्तावित स्पंज आयरन प्लांट के खिलाफ सर्वसम्मति से पारित किया निर्णय

ग्राम सभा में ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र में पहले से ही बिजली और पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। ऐसे में इस प्रकार का उद्योग खुलने से न केवल पर्यावरण को नुकसान होगा बल्कि ग्रामीणों के जीवन पर भी विपरीत असर पड़ेगा। सभा में यह स्पष्ट किया गया कि 21 अगस्त को ग्राम कोहड़िया में होने वाली जनसुनवाई के दौरान गुधेली सहित आसपास के गांवों के लोग एकजुट होकर विरोध दर्ज कराएंगे।

ग्राम सभा में सरपंच सीमा परमेश्वर निषाद, उपसरपंच लिलेश पंकज वर्मा, पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार साहू, उपाध्यक्ष परमेश्वर निषाद, कोषाध्यक्ष शशी साहू, सचिव नंदकुमार निषाद, सदस्य डॉ. डीके वर्मा, नेतराम परगनिहा, ओमकार साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभा के दौरान सभी ने एक स्वर में कहा कि कोहड़िया में उद्योग किसी भी परिस्थिति में स्थापित नहीं होने दिया जाएगा।

# मितानिनों ने कलेक्ट्रेट का किया घेराव

**बेमेतरा।** वेतन वृद्धि और नियमितीकरण की मांग को लेकर मंगलवार को बड़ी संख्या में मितानिनें सड़क पर उतर आईं। जय स्तंभ चौक पर धरना-प्रदर्शन के बाद मितानिनें पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचीं और कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। मितानिनों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) में शामिल करने, वेतन में 50 प्रतिशत वृद्धि, और ठेका प्रथा समाप्त करने की मांग की। उनका कहना है कि वर्षों से स्वास्थ्य सेवाओं में अहम भूमिका निभाने के बावजूद अब तक उन्हें न तो स्थायीकरण का लाभ मिला और न ही उचित वेतनमान। मितानिनों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द उनकी मांगों पर सरकार ने सुनवाई नहीं की तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

- सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

# मानस संघ ब्लॉक साजा ने कलेक्टर से की मुलाकात



**साजा/बेमेतरा।** तहसील खम्हरिया अंतर्गत मानस संघ ब्लॉक साजा के पदाधिकारियों ने कलेक्टर रणवीर शर्मा से मुलाकात कर स्वेच्छानुदान की मांग की। संघ ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के अनुरूप कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहयोग आवश्यक है।

संरक्षक अनिल सिंघानिया और अध्यक्ष भरत साहू के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि साजा ब्लॉक में वर्षों से सनातन धर्म व हिंदू धर्म के प्रति जनजागरण का कार्य लगातार किया जा रहा है। क्षेत्र की विभिन्न मानस मंडलियों के संचालन व सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए अनुदान की आवश्यकता है। इस अवसर पर सुरेश साहू, उपाध्यक्ष रामजी साहू, कोषाध्यक्ष रामसिंह साहू, संरक्षक तोरन सिंह पटेल, सलाहकार राजेंद्र निर्मलकर, शक्ति केंद्र उपाध्यक्ष दुष्यंत साहू एवं राजकुमार द्वारिका साहू मौजूद रहे।

# 16 हजार एनएचएम कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नारायणपुर

छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाएं इन दिनों बुरी तरह प्रभावित हैं। प्रदेशभर के 16 हजार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इसका सीधा असर गांवों के उप स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में दिख रहा है। इलाज के लिए पहुंचे मरीज इधर-उधर भटक रहे हैं, तो वहीं राष्ट्रीय स्वास्थ्य पोर्टल का काम भी पूरी तरह ठप हो गया है। कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से नियमितीकरण और उचित वेतनमान की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार से अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। उनकी 10 सूत्रीय मांगों में नियमितीकरण, समान कार्य के लिए समान वेतन, स्थानांतरण नीति, सेवा शर्तों का निर्धारण और सामाजिक सुरक्षा लाभ शामिल हैं। एनएचएम कर्मचारी संघ ने कहा कि 20 वर्षों से वे प्रदेश की जनता की सेवा कर रहे हैं। कोरोना महामारी जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में भी उन्होंने जिम्मेदारी निभाई, लेकिन आज जब वे अपने भविष्य की सुरक्षा और हक की बात कर रहे हैं तो सरकार मौन है। कर्मचारियों ने साफ चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा।

- अस्पतालों में मरीज भटकते रहे




## समय-सीमा बैठक के बाद कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

# जनदर्शन में विभिन्न शिकायतों के 24 आवेदन मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मंगलवार को समय-सीमा बैठक के बाद कलेक्टरेट स्थित दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनीं। जिले के अलग-अलग इलाकों से पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी-अपनी शिकायतें और मांगें रखीं। इस दौरान कुल 24 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने कई मामलों का मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं गंभीर प्रकृति के आवेदनों को टीएल पंजी में दर्ज कर अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनदर्शन में तहसील साजा के ग्राम मही-दही के ग्रामीणों ने वार्ड क्रमांक-03 में बोर खनन स्वीकृति देने की मांग की। ग्राम मुनरबोड़ बेमेतरा निवासी रामकुमार पाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की गुहार लगाई। वहीं नवागढ़ के ग्राम खाम्ही की सरपंच सुनिता साहू ने सीसी रोड स्वीकृत करने हेतु मुख्यमंत्री समग्र विकास मद से राशि स्वीकृति की मांग रखी। इसी तरह बेरला तहसील के ग्राम चेटुआ की पूर्व सरपंच विद्या चतुर्वेदी ने पुराने देयक राशि के भुगतान की मांग की।



इसके अलावा ग्रामीणों ने निराश्रित पेंशन, बैटरी चलित ट्राइसायकल, वृद्धा व दिव्यांग पेंशन, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा हटवाने और आम रास्ता खुलवाने जैसी समस्याओं से संबंधित आवेदन भी दिए। कलेक्टर ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए और लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेमलता मंडावी, एडीएम डॉ. अनिल वाजपेयी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# केंद्रीय विद्यालय बेमेतरा में 200 बच्चों का चयन




**बेमेतरा।** जिले में पहली बार शुरू हो रहे केंद्रीय विद्यालय बावा मोहतरा में अब बच्चों की पढ़ाई का सपना साकार होने जा रहा है। कक्षा पहली से पांचवी तक प्रवेश के लिए कुल 685 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसमें से निर्धारित सीटों के अनुसार लॉटरी प्रणाली के जरिए 200 बच्चों का चयन किया गया है। विद्यालय की प्रत्येक कक्षा में 40 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। चयन प्रक्रिया के बाद अब विद्यालय की पढ़ाई आगामी 1 सितंबर 2025 से नियमित रूप से प्रारंभ होगी। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे, केंद्रीय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सुशील कुमार, बेमेतरा तहसीलदार समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पावरहाउस स्टेशन का हो रहा तेजी से पुनर्विकास

**भिलाई।** भिलाई नगर स्टेशन में जल्द ही यात्रियों को कई नई सुविधाएं मिलेंगी। स्टेशन के पुनर्विकास का निर्माण कार्य तेजी से चल में है। स्टेशन के रिनोवेशन हो जाने से आधा दर्जन यात्रियों को पावरहाउस स्टेशन नहीं जाना पड़ेगा। भिलाई नगर स्टेशन का तेजी से कायाकल्प हो रहा है। 75 फीसदी निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। पुनर्विकास के बाद यहां लंबी दूरी के एक्सप्रेस गाड़ियों के भी स्टापेज की मांग की गई है। दैनिक यात्री संघ ने दो लोकल गाड़ियां बढ़ाने और सभी लोकल के स्टापेज की भी मांग की है। स्टेशन में प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, प्रसाधन आदि के बाद सामने लंबा कारीडोर व आकर्षक गेट का भी निर्माण हो चुका है। वहीं महाराणा प्रताप चौक के पास स्वागत द्वारा बनाया जा रहा है। यात्रियों ने दोनों ओर स्टेशन तक पक्की सड़क बनाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि इस स्टेशन से सेक्टर 7, 6,5, हुडको सहित आधे टाउनशिप व आसपास के लोग भी सफर करते हैं।

### तीज मिलन एवं सावन महोत्सव 22 को

**दुर्ग।** जिला साहू संघ दुर्ग महिला प्रकोष्ठ द्वारा तीजा तिहार, सावन महोत्सव का आयोजन 22 अगस्त रविवार सुबह 11 बजे साहू सदन केलाबाड़ी दुर्ग में किया गया है। मुख्य अतिथि रमशीला साहू, अध्यक्षता चन्द्रिका साहू आदि मौजूद रहेंगे। तीजा तिहार सावन महोत्सव में अनेक कार्यक्रम एवं स्पर्धाएं कुर्सी दौड़, फुगड़ी, तीज ज्ञान आदि का आयोजन किया जाएगा।

### रावत उपनामधारी यादव जाति को केंद्र के पिछड़ा वर्ग अनूसूची में शामिल करने सौंपा ज्ञापन



**दुर्ग।** रावत उपनामधारी यादव जाति को केंद्रीय अनूसूची में पिछड़ा वर्ग अनूसूची केटेगरी में शामिल करने तथा पिछड़े वर्ग के आरक्षण लाभ के संबंध में सभी जिलों में प्रदेशव्यापी आंदोलन कर ज्ञापन सौंपा गया। इस कड़ी में जिला दुर्ग में समाज के प्रदेशाध्यक्ष जगनीक यादव यादव के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय में संयुक्त कलेक्टर को मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर मंगल यादव यादव, अश्विनी यादव,ज्योति रानी यादव, यशपाल यादव, प्रीतम यादव, शिवचरण यादव, शंकर यादव, विष्णु यादव, राधेश्याम यादव, चन्द्रकान्त यादव, शैलेन्द्र यादव, प्रकाश यादव आदि उपस्थित रहे।

### राउंड टेबल 243 ने 8 कक्षाओं के निर्माण का किया भूमिपूजन

**भिलाई।** दुर्ग में स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में 8 कक्षाओं के निर्माण के लिए भूमि पूजन सभी क्लब के सदस्यों के बीच किया गया। मौके में प्रिंसिपल, सभी अध्यापक, स्कूल के बच्चे, भिलाई राउंड टेबल के चेयरमैन ध्रुव रस्तोगी और सरपंच मौजूद थे। इन कक्षाओं के निर्माण से छात्रों को हो रही असुविधा से राहत मिलेगी और पढ़ने के लिए एक अनुकूल वातावरण भी बनेगा। इससे पहले भी भिलाई राउंड टेबल द्वारा बिरेभाठ, कोडिया, समोदा, कोसा नगर, बापू नगर, भसीन तथा ननकट्ठी, ढौर, बोरी में स्कूली कक्षाओं का निर्माण कराया गया है। भिलाई राउंड टेबल पिछले 10 सालों से विभिन्न स्कूलों में कक्षाओ का निर्माण कर रहा है। अभी तक कुल 48 कक्षाओ का निर्माण दुर्ग-भिलाई की विभिन्न स्कूलों में कराया जा चुका है। इसके अलावा भिलाई राउंड टेबल द्वारा टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण भी विभिन्न स्कूलों में कराया जा चुका है। भिलाई राउंड टेबल स्कूली बच्चों से जुड़ी ज़रूरत की चीजो का भी योगदान करता आया है। खाना खाने के बर्तन, बच्चों के जूते और मफलर, स्कूल में वाटर फिल्टर विभिन्न कार्यों में भिलाई राउंड टेबल का योगदान रहा है। गौरतलब है कि भिलाई राउंड टेबल 243 में भिलाई-दुर्ग क्षेत्र के युवा उद्यमी, शिक्षाविद तथा समाजसेवी जुड़े हुए है। भिलाई राउंड टेबल द्वारा अब तक विभिन्न स्कूलों में 2 करोड़ की लागत से 48 क्लासरूम का निर्माण किया जा चुका है।

# निगम की कार्रवाई : बकाया टैक्स पर 4 करदाताओं के काटे नल कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने राजस्व वसूली को लेकर सख्त तेवर दिखाए हैं। उन्होंने राजस्व विभाग अमले की बैठक लेकर स्पष्ट कहा कि नगर निगम की आय का सबसे बड़ा स्त्रोत टैक्स वसूली है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रत्येक वार्ड में वसूली का प्रतिशत शत-प्रतिशत होना चाहिए। आयुक्त के निर्देश के बाद निगम अमले ने विभिन्न वार्डों में बकायादारों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई के तहत बड़े बकाएदारों के नल कनेक्शन काटे जा रहे हैं।

### चालू व बकाया टैक्स नहीं जमा करने पर काटे गए कनेक्शन

वार्ड क्रमांक 19 में शांति बाई / रामदुलार प्रसाद पर वर्ष 2018 से लेकर 2025-26 तक चालू एवं बकाया कर की राशि 51,837 बकाया था। राशि जमा न करने पर निगम ने उनका नल कनेक्शन काट दिया। इसी प्रकार वार्ड 22 में तीन बड़े बकायादारों पर कार्रवाई की गई। जिसमें मंगल सिंह / रमाई भगवान 2010 से 2025-26 तक बकाया 70,261, जगन्नाथ यादव / हनुमान यादव 2014 से 2025-26 तक बकाया 56,353, कन्हैया लाल / मानसिंह यादव – 2017 से 2025-26 तक बकाया 54,571 तीनों करदाताओं के नल कनेक्शन निगम की टीम ने काट दिए हैं।

## बड़े बकायादारों पर निगम की है कड़ी नजर, कर नहीं चुकाने वालों को चेतावनी

### आयुक्त का सख्त संदेश

आयुक्त अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम सीमा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 से 60 तक जिन बड़े बकायादारों ने अब तक टैक्स नहीं चुकाया है, उनके विरुद्ध भी इसी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंनेकहा कि जो भी नागरिक अपने बकाया टैक्स को लेकर उदासीनता दिखाएंगे, उन्हें न केवल नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई झेलनी होगी बल्कि आगे की कानूनी कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी।



### लगातार जारी रहेगी ऐसी कार्रवाई

आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि राजस्व वसूली पर नियमित समीक्षा हो और कार्रवाई में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। उन्होंने कहा कि जनता के हित में शहर के विकास कार्य और बुनियादी सुविधाओं के लिए निगम को वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता है, और इसके लिए करों की वसूली अत्यंत आवश्यक है।

## कबाड़ हो रही दुर्ग जिले में दौड़ने वाली सरकारी बसें, अधिकतर के पार्ट्स गायब

# ताले में सिटी बस... चार साल से सेवा ठप, बसों के बचे सिर्फ चेचिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्विनसिटी को पांच साल पूर्व मिली सिटी बस की सौगात पिछले चार साल से ताले में बंद कबाड़ में तब्दील हो चुकी है। नगर निगम भिलाई मुख्यालय से लगे पुराने कार्यालय में खोले गए बस डिपो में अधिकतर बसों के मात्र चेसिस ही बचे हैं। इसका खामियाजा शासन के साथ लोगों का भी भुगतना पड़ रहा है।

जनता की सेवा और सुविधा के नाम पर सरकार की बेहतर योजना को कैसे पलीता लगाया जाता है और यह लापरवाही और बंदरबांट का माध्यम बन जाती ही है, मिसाल सिटी बस सेवा योजना है। शासन, प्रशासन की नीम बेहोशी के चलते स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भिलाई दुर्ग में 17 अगस्त 2017 को केंद्रीय मंत्री वैंकैया नायडू द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुरु की गई सिटी बस संचालन सेवा मात्र एक साल में ही दम तोड़ गई। बसों के संचालन में लापरवाही और बदइंजामी के चलते बसों का संचालन फिसड्डी साबित हुआ और ठेका कंपनी बीच में ही भाग गई अधिकतर बसों के कीमती पार्ट्स और कलपुर्जे आदि चोरों की भेंट चढ़ गए । पिछले तीन साल से सिटी बस सेवा बंद है, जिसके कारण जरुरतमंद लोगों को असुविधा और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### 2017 को केंद्रीय मंत्री वैंकैया नायडू ने हरी झंडी दिखाकर शुरू की थी सिटी बस संचालन सेवा





### डिपो में ताला, कबाड़ हो रहीं करोड़ों की बसें

भिलाई निगम के बाजू में पुराने निगम कार्यालय परिसर में सिटी बस डिपो में खड़ी बसें कबाड़ हो रही हैं। डिपो में दोनों ओर से ताला जड़कर प्रशासन ने अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली है। डिपो के अंदर खड़ी अनेक बसों के पहिए, टायर, सीटें, इंजिन आदि चोर पार कर चुके हैं। दुर्ग में भी कुछ बसें डैमेज हो चुकी हैं।

### 72 बसें और 5 रुपए में भिलाई से दुर्ग का सफर

5 साल पूर्व ट्विनसिटी सहित जिले के ग्राम्य अंचल तक शुरु हुई सिटी बस सेवा के तहत 109 बसों के संचालन की घोषणा की गई थी। इसके तहत शुरु में करीबन 72 बसें दुर्ग से भिलाई सहित कुम्हारी, अहिवारा, पाटन, जामुल आदि जिले के ग्राम्य अंचल तक काफी कम किराए पर चलती थीं। भिलाई से दुर्ग का किराया मात्र 5 रुपए व कुम्हारी का मात्र 12 रुपए था। यह योजना स्टूडेंट्स, रिटायर बुजुर्गों,महिलाओं और अल्प आय वाले ग्रामीणों के लिए लाभदायी थी। सेवानिवृत्त कर्मियों ने बताया कि आटो में दुर्ग जाने व आने में 40 रुपए भाड़ा लगता है। रिटायर होने के बाद यह राशि भारी पड़ रही है। स्टूडेंट्स को भी दिक्कत हो ती है। सिटी बस फिर से जल्द शुरु की जानी चाहिए।

इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा कुछ बसों के चरिए एक बार सिटी बस सेवा का संचालन दोबारा शुरु करने का प्रयास किया गया लेकिन यह नाकाम रहा। गौरतलब हो कि शासन व प्रशासन द्वारा दुर्ग भिलाई अर्बन ट्रांसपोर्ट कंपनी के नाम से बस सेवा का संचालन शुरु किया गया था। नगर निगम सूत्रों के मुताबिक मानिटरिंग करने वाली ट्रांजिट कमेटी के अध्यक्ष कलेक्टर, सचिव नगर निगम भिलाई के कमिश्नर सहित दस अधिकारी शामिल थे। लेकिन इस जिम्मेदार समिति की आंखों में धूल झोंकते हुए सिटी बसों का संचालन करने वाली ठेका कंपनी का ठेकेदार करीबन सालभर में ही भाग गया और बस सेवा बंद हो गई। बताते हैं कि ठेकेदार और बसों के ड्रायवर आदि उसके लोग ज्यादातर बसों के टायर, इंजिन आदि भी निकाल ले गए । प्रशासन द्वारा ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर भी की गई लेकिन सिटी बस सेवा आज तक दोबारा शुरु नहीं की जा सकी।

## विधायक ने दी इंडियन नेवी में चयनित सविता को शुभकामनाएं



**दुर्ग।** इंडियन नेवी अग्निवीर के रूप में चयनित होकर सविता गाँव की प्रथम बेटी बनी हैं। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रसमड़ा निवासी कु. सविता साहू पिता मनोज कुमार साहू माता संगीता साहू उम्र 18 वर्ष इंडियन नेवी (अग्निवीर) में चयनित होकर प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात प्रथम गांव आगमन पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने निवास स्थान पहुंचकर कर स्वागत, अभिनंदन किया।

विधायक ललित चंद्राकर ने कु. सविता साहू को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनकी इस उपलब्धि से ग्राम रसमड़ा का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने कहा कि कु. सविता साहू की इस सफलता से अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित होंगे। इस अवसर पर मनोज साहू, संगीता साहू, चुरावन साहू, कुम्हारी नगर परिषद अध्यक्ष मीना वर्मा, जनपद सदस्य अशोक कुमार साहू टाकेश्वरी साहू, देव प्रसाद साहू, नंदू निर्मलकर आदि उपस्थित रहे।

## खेल युवाओं के लिए महत्वपूर्ण मंच : ललित



**दुर्ग।** ग्राम अंजोरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर नवभारत क्रीड़ा मंडल द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि कबड्डी जैसे खेल हमारे युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच हैं, जहां वे अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सरपंच संतोष सारथी, भीखम साहू, देवव्रत तिवारी, जन्मेजय साहू, हेमंत देशमुख, मुकेश साहू, लेखराम साहू, नारायण साहू आदि उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ के कलाकारों ने लाल किले में दी प्रस्तुति, मिले सांसद से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को नई दिल्ली स्थित ऐतिहासिक लाल किला में छत्तीसगढ़

■ लोक धरोहर सांस्कृतिक संस्था अहिवारा का दल

लोक धरोहर सांस्कृतिक संस्था अहिवारा, दुर्ग के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। यह दल संस्था के निर्देशक डॉ. लीलाधर दास के निर्देशन में 20 कलाकारों के साथ मंचित हुआ।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लालकिले पर ध्वजारोहण कर 21 तोपों की सलामी दी। साथ ही 2 हेलीकॉप्टरों से पुष्पवर्षा हुई। इस अद्भुत पल का आनंद छत्तीसगढ़ लोक धरोहर के कलाकारों ने भी हजारों देशवासियों के साथ लिया और छत्तीसगढ़ महतारी जय तथा छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया के जयघोष से वातावरण गूंज उठा।

संस्था के निर्देशक डॉ. लीलाधर दास ने बताया कि यह उनका दिल्ली में 14वां अवसर है, जब वे लालकिले पर छत्तीसगढ़ की संस्कृति का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। कार्यक्रम से वापसी पर राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पर प्रभारी इंस्पेक्टर डॉ. तरूणा साहू ने कलाकारों का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस सफल आयोजन पर छत्तीसगढ़ लोक धरोहर की टीम ने दिल्ली में उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं सांसद विजय बघेल से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ के हजारों कला-प्रेमियों,समाजसेवी संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों ने संस्था के कलाकारों को बधाई दी।

## डेढ़ सौ बच्चों का योग्यता के आधार पर हुआ बेल्ट प्रमोट, मिली ग्रेडिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिला ताइक्वांडो संघ दुर्ग द्वारा पदुम नगर भिलाई 3 स्कूल में बेल्ट ग्रेडिंग रखा गया। जिसमें जिले भर से लगभग 150 से भी अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों के योग्यता के आधार पर उनका बेल्ट प्रमोट हुआ। बेल्ट ग्रेडिंग के मुख्य एग्जामिनर छग राज्य ताइक्वांडो राष्ट्रीय रेफरी व जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव राकेश पुरी गोस्वामी और राज्य रेफरी अनिल कुमार देवांगन उपस्थित थे।

राकेश पुरी गोस्वामी ने बताया कि यलो बेल्ट में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी युक्त दुबे, अन्य गोस्वामी, योजल देवगन, चित्रांश तिवारी, भाव भाव्य चंद्राकर, सुयश ठाकुर, भूमिका साहू, दीसिता साहू, जस्वी सिंन्हा, दुर्गेश मानिकपुरी, अव्यय श्रीवास्तव, ग्रीन बेल्ट में सिमरप्रीत कौर, जिज्ञासा ठाकुर, अभिजीत दुबे, शिविका साहू, वैभव साहू, दिव्यांश सिंन्हा, ओम्या जांघेल, दिव्यांश जांघेल, ग्रीन वन बेल्ट में रूपेश कुमार देवांगन, इशिका कुमारी मेहरा, ब्लू बेल्ट में आरव वर्मा, वाणी नेता, नताशा वर्मा, ए यशवंत शर्मा, ए यशस्विनी, रियांशी देवागन, ब्लू वन में शिवाय साहू, रूद्र परधनिया, ओजस्विनी परघनिया, पूरन कौर सोहल, प्रियंका महिपाल, लक्ष्य बिसेन, नव्या साहू, नायसा साहू, प्रखर पटेल, पीहू यादव, समृद्ध ताम्रकार, प्रत्यक्ष यदु, देसी देशमुख, सौम्या केवरिया रहे। रेड बेल्ट तन्मय साहू को मिला। रेड वन में वैष्णवी शर्मा, हर्षित शर्मा, मंजू, नम्रता मरावी, आयुष चौधरी को दिया गया।

## जिला पुलिस ने निकाली नशे को छोड़ो, जिंदगी से नाता जोड़ो रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिला दुर्ग पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे को छोड़ो, जिंदगी से नाता जोड़ो रैली पुलिस वेलफयेर पेट्रोल पंप से सेक्टर-6 भिलाई से जयंती स्टेडियम तक 2 किलोमीटर रैली आयोजित की गई। आयोजन आज की युवा पीढ़ी एवं नशे के आदि समाज को नशे से दूर रहने एवं नशे जैसी बुराई से छुटकारा पाने के लिए समाज को एक संदेश देने के उद्देश्य से किया गया था। जिससे समाज में नशे के विरूद्व संदेश के रूप में जा सके। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अभिषेक झा, उप पुलिस अधीक्षक (लाईन) चन्द्र प्रकाश तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) सदानंद विन्ध्यराज, रक्षित निरीक्षक रक्षित आरक्षी केन्द्र नीलकंठ वर्मा, निरीक्षक पुष्पेन्द्र भट्ट, यातायात एवं पीटीआई अशोक पटेल के साथ उनके ग्राउण्ड के प्रशिक्षणरत 20 बच्चे, हरभजन सिंह उनके ग्राउण्ड के प्रशिक्षणरत 50 बच्चे, बालकदास उनके ग्राउण्ड के प्रशिक्षणरत 30 बच्चे तथा सातवीं वाहिनी छसबल से 55 अधिकारी, कर्मचारी, आठवीं वाहिनी से 35 अधिकारी, कर्मचारी एवं बीसवीं वाहिनी की 27 महिला तथा जिला पुलिस बल रक्षित केन्द्र से अधिकारी, कर्मचारी दौड़ में शामिल हुए।

### नया पारा और गया नगर क्षेत्र का किया दौरा

# आयुक्त ने कचरा प्रबंधन को लेकर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग के आयुक्त सुमित अग्रवाल ने नया पारा और गया नगर क्षेत्र का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्ड 2, 3, 4, 17 और 18 सहित आसपास के क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, नालियों और तालाबों की स्थिति का निरीक्षण किया।

■ गलियों और नालियों की नियमित सफाई के आदेश

शहर की सफाई व्यवस्था, सार्वजनिक सुविधाओं और कचरा प्रबंधन को और मजबूत करने के निर्देश दिए। कई जगह नालियों के किनारे घास उग आई है और गंदगी जमा हो रही है। आयुक्त ने तत्काल सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सभी गलियों और नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कहीं भी पानी रुका नहीं रहना चाहिए क्योंकि यह बीमारियों का कारण बन सकता है।



**सफाई ही होगी निगम की प्राथमिकता** : आयुक्त ने कहा कि नागरिकों की सुविधा और स्वच्छ वातावरण निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी वार्डों में नियमित सफाई सुनिश्चित करने, कचरा उठाव समय पर करने और स्वास्थ्य विभाग को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

**तालाबों और अवैध निर्माण पर सख्ती** : आयुक्त श्री अग्रवाल ने विशेष रूप से तालाबों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा तालाब शहर की जलधरोहर हैं और इनके ऊपर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण सहन नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाब पर बने सभी अवैध ढांचे तुरंत हटाए जाएं।

**ठेले और खोमचों को व्यवस्थित करने के निर्देश** : निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने सड़कों पर लगे ठेले और खोमचे पर भी ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि इन्हें इस तरह लगाया जाए कि यातायात में बाधा न हो। आमजन को आने-जाने में कोई परेशानी न हो, यह निगम की जिम्मेदारी है।

**जीरो वेस्ट सेंटर का निरीक्षण** : वार्ड 17 और 18 में स्थित जीरो वेस्ट सेंटर का भी आयुक्त ने निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और सफाई कर्मचारियों को निर्देशित किया कि गीले और सूखे कचरे का पृथक संग्रहण सख्ती से लागू हो। सभी व्यापारी और दुकानदार अपने प्रतिष्ठान पर दो अलग-अलग डस्टबिन रखें।

## राधा-कृष्ण के रूप में सजे नन्हें बच्चों ने किया आकर्षित, लगाया 56 भोग

**भिलाई।** देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई द्वारा परमेश्वरी मंदिर प्रांगण परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में जन्माष्टमी महोत्सव पर श्रीकृष्ण की शोभायात्रा निकालकर कर मंदिर परिसर का भ्रमण कराया गया। आकर्षक सजे झूले में भगवान कृष्ण के विग्रह स्थापित कर सामूहिक पूजा की गई और भक्तों द्वारा अपने घरों से लाए हुए 56 पकवानों का भोग लगाया गया। इस दौरान उपस्थित भक्तों ने बारी बारी से श्रीकृष्ण को झूला झुलाकर कृष्ण जन्मोंत्सव की खुशियां मनाई।

समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने कहा कि भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण के द्वारा दिया गया प्रेम, ज्ञान, भक्ति और कर्तव्य का संदेश मानवमात्र के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर समाज के नन्हे बच्चें कृष्ण और राधा रानी बनकर पहुंचे थे जो सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान उनकी आरती उतार कर पूजा की और समिति द्वारा उन्हें उपहार देकर प्रोत्साहित किया। समिति के सांस्कृतिक विभाग के द्वारा प्रस्तुत भगवान श्रीकृष्ण पर आधारित भक्ति संगीत से पूरा परिसर कृष्ण भक्ति से झूम उठा। पूजा और आरती के बाद सभी भक्तों को 56 भोग प्रसाद का वितरित किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, सचिव विनोद देवांगन, कोषाध्यक्ष गजेन्द्र देवांगन, टेसूराम देवांगन, रेशमलाल देवांगन, राजू देवांगन, रामगोपाल देवांगन, जयश्री देवांगन, महेश्वरी देवांगन, होमलाल देवांगन, गोवर्धन देवांगन, मंगतूराम देवांगन, पं. शिवनारायण मिश्रा, केजा देवांगन, विनीता देवांगन, दामिनी देवांगन, अदिति देवांगन आदि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



**खबर संक्षेप**

### 2 पदों की संविदात्मक भर्ती निरस्त

**कवर्धा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के परिपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम के द्वारा डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल के 2 पदों पर संविदात्मक भर्ती किये जाने के लिए विज्ञापन क्रमांक 59/जि.वि.से.प्रा. (एलएडीसीएस) /2025 कबीरधाम 09 जनवरी 2025 को जारी किया गया था, उक्त विज्ञापन में डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल के 2 पदों को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

### सिर्फ चमक और गरज रहे है अंचल के बादल

**कवर्धा।** इन दिनो कवर्धा सहित अंचल का मौसम कई रूप दिखा रहा है। आलम ये है कि आसमान में चटक धूप खिल रही है तो कभी बदली छा रही है तो शाम ढलने के बाद तेज गर्जना के साथ बिजली चमक रही है। लेकिन इन सब के बीच बारिश नहीं हो रही है। बल्कि मौसम के इस मिजाज के बीच लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी तरफ अंचल के कई ईलाकों में धान की फसल के अनुरूप अभी तक अच्छी बारिश नहीं होने के कारण किसानो में चिंता व्याप्त है और वे लगातार आमसान की ओर टकटकी लगाए देख रहे हैं। लेकिन बादल हैं कि सिर्फ चमक और गरज रहे हैं।

ग्रामीणों व समाज के लोगों ने पुलिस प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

# कांग्रेसियों पर शिव मंदिर व मां कर्मा माता परिसर के अपमान का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्राम सारंगढ़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर एवं साहू समाज के आराध्य स्थल मां कर्मा माता परिसर में मूर्ति खण्डन होने की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं पर ग्रामीणों एवं समाज के लोगों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग को लेकर मंगलवार को पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में मंदिर समिति अध्यक्ष गौतरीहा, सुदर्शन साहू, रजनु साहू, मिलुराम साहू, गुमान साहू, अशोक, कुपलाल, गोपाल, लखन अनुज, तुलसी, चैतराम, इलाराम, मनीराम, रोजेश साहू सहित अन्य ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम सारंगढ़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर एवं साहू समाज के आराध्य स्थल मां कर्मा माता परिसर में मूर्ति खण्डित होने की सूचना पाकर 7 अगस्त को कांग्रेस कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जूते-चप्पल पहनकर प्रवेश करने जैसी आपत्तिजनक हरकत की गई। साथ ही क्षेत्र का माहौल खराब कर धार्मिक भावना भड़काने की अनाधिकृत कोशिश की गई जबकि मंदिर समिति ने इस विषय को संवेदनशीलता के साथ लेते हुए खंडित मूर्ति का विधिवत स्थापना करने और दोषियों के ऊपर कार्यवाही की मांग को लेकर पुलिस प्रशासन से एफआईआर कराने का निर्णय लिया था। ग्रामीणों एवं समाज के लोगों ने आरोप लगाते हुए बताया कि कांग्रेसियों के इस कृत्य से न केवल धार्मिक मर्यादा भंग हुई, बल्कि समाज की गहरी आस्था का भी अपमान हुआ है। इस गंभीर घटना से पूरे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। इसी मामले को लेकर मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं समाज के लोगों ने कवर्धा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि मंदिर और कर्मा माता जैसे पवित्र स्थलों पर की गई कांग्रेस कार्यक्रताओं की यह हरकत किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस कार्यकर्ता जानबूझकर धार्मिक स्थलों में जाकर माहौल बिगाड़ने और समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धा और धर्म के नाम पर राजनीति कर माहौल को दूषित करने का प्रयास बेहद निंदनीय है।

## दोषियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किए जाने की मांग



ग्रामीणों एवं समाज के लोगों ने पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर दोषी कार्यकर्ताओं पर नामजद अपराध पंजीबद्ध कर कठोर कार्रवाई किए जाने, मंदिर और कर्मा माता परिसर में धार्मिक मर्यादा भंग करने वाले सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी किए जाने, भविष्य में कोई भी राजनीतिक संगठन या व्यक्ति धार्मिक स्थलों की पवित्रता भंग न कर सके यह प्रशासन द्वारा सुनिश्चित किए जाने तथा मंदिरों व आराध्य स्थलों की सुरक्षा और निगरानी के स्थायी प्रावधान किए जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान सुदर्शन साहू, जगतारण साहू, अश्वनी साहू, रामेश्वर साहू, अख्खहन साहू, गिरवर साहू, मेखलाल साहू, सालिक साहू, जुगरू साहू, गुलाब साहू, झाड़ू साहू, रज्जऊ साहू, थुकेल साहू, चंद्रमां साहू, मोहित साहू, मिलू साहू तहसील अध्यक्ष बोड़ला, पति राम साहू, लाला राम साहू, अनुज साहू, डेरहा साहू, कृत साहू, आकाश साहू, आशाराम साहू, शोभनाथ साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### ग्रामीण व समाज ने दी चेतावनी


ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा की मूर्ति खंडित करने वाले आरोपी के गिरफ्तार किए जाने सूचना मिली है अब मंदिर परिसर में चप्पल जूता पहनकर घुसने वाले तथा धार्मिक भावना को आहत करने वाले दोषियों पर तुरंत और ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो समाज व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन और दोषी व्यक्तियों की होगी। साहू समाज और ग्रामीण किसी भी हाल में आस्था पर राजनीति नहीं होने देंगे। धार्मिक स्थल समाज की आत्मा हैं, इनका अपमान कभी सहन नहीं किया जाएगा।

# ग्राम हरमो के शिव मंदिर में तोड़फोड़ का आरोपी गिरफ्तार, कांग्रेस ने स्थगित किया कवर्धा शहर बंद

- मंदिर में तोड़फोड़ के मामले में आरक्षक की पाई गई संलिप्ता, किया गया बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भोरमदेव थाना अंतर्गत ग्राम हरमो स्थित शिव मंदिर में प्रतिमा तोड़फोड़ की घटना को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 19 अगस्त को बुलाए गए कवर्धा शहर बंद को स्थगित कर दिया गया। गौरतलब है कि जिले के विकासखण्ड बोड़ला के भोरमदेव थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत कटगो के आश्रित ग्राम हरमो (सारंगढ़) में बीते दिनो स्थानीय शिव मंदिर एवं कबीर चबूतरा में तोड़फोड़ करने वाले अज्ञात असामाजिक तथा आपराधिक तत्व की घटना के करीब हप्ते भर से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी गिरफ्तारी नहीं किए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने दो रोज पूर्व बकायदा सार्वजनिक सूचना जारी कर 19 अगस्त को कवर्धा शहर बंद करने का ऐलान किया था। लेकिन बताया जाता है कि कांग्रेस के प्रस्तावित कवर्धा शहर बंद के ठीक एक दिन पूर्व 18 अगस्त की देरशाम जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से इस बात की जानकारी सार्वजनिक की गई कि भोरमदेव थाना अंतर्गत ग्राम हरमो स्थित शिव मंदिर में प्रतिमा तोड़फोड़ की घटना के बाद थाना भोरामदेव में अपराध क्रमांक 34/25 धारा 298 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया था। जांच के दौरान आरोपी की पहचान कर ली गई है और इस मामले में आरोपी गौतरिहा यादव पिता डेरहाराम यादव आयु 69 वर्ष निवासी ग्राम राला पोस्ट व थाना बिरसा जिला बालाघाट हालमुकाम ग्राम हरमो जिला कबीरधाम को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी नशेड़ी प्रवृत्ति का है और उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।



साथ ही पुलिस अधीक्षक ने यह भी खुलासा किया कि मामले की जांच के दौरान मामले में पुलिस विभाग के आरक्षक क्रमांक 703 राजू वैष्णव की संलिप्तता भी पाई गई है। जिसके आधार पर दोषी आरक्षक के विरूद्ध भारतीय संविधान की धारा 311 के खंड 2 के उपखंड ख के अधीन प्रदत्त शक्तियों के तहत उसे तत्काल प्रभाव से शासकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार के कृत्यों में संलिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा और कानून के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। दूसरी तरफ पुलिस प्रशासन की इस कार्यवाही और अपनी मांग के अनुरूप ग्राम हरमो (सारंगढ़) के सनातनी आस्था के केन्द्रों में तोड़फोड़ करने वाले आरोपियों के विरूद्ध की गई कार्यवाही की जानकारी पुलिस अधीक्षक द्वारा सार्वजनिक किए जाने पर जिला कांग्रेस कमेटी ने 19 अगस्त को प्रस्तावित कवर्धा शहर बंद स्थगित कर दिया।

# करोड़ों की ठगी करने वाले कवर्धा के तीन मास्टरमाइंड गिरफ्तार

## 50 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी का खुलासा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

थाना कवर्धा पुलिस ने ठगी के बड़े गिरोह का पर्दाफाश कर तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 672/2024 धारा 420, 34 भादवि के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 30 अक्टूबर 2024 को प्रार्थी शिव सोनी निवासी कवर्धा ने थाना कवर्धा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दयेव डीवायपी ब्रदर्स कंसलटेंट प्राईवेट लिमिटेड निवेश किंग नामक कम्पनी के संचालक धर्मेश धुर्वे पिता नारायण प्रसाद धुर्वे उम्र 35 वर्ष, यतीन्द्र धुर्वे पिता नारायण प्रसाद धुर्वे उम्र 29 वर्ष एवं नारायण प्रसाद धुर्वे पिता स्व. लखनलाल धुर्वे उम्र 56 वर्ष, सभी निवासी वार्ड क्रमांक 11, मठपारा, कवर्धा ने 10 प्रतिशत प्रतिमाह लाभांश और एक वर्ष बाद मूल राशि लौटाने का झांसा देकर करोड़ों रुपए की ठगी की। इस पर थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 672/2024 धारा 420, 34 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया गया। लगातार कई दिनों की मेहनत, दस्तावेजी साक्ष्यों की जांच और विभिन्न जिलों में दबिश देने के बाद आरोपियों को आज 19 अगस्त 2025 को धरदबोचा गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों के ठिकानों से महत्वपूर्ण दस्तावेज और ठगी की रकम से खरीदी गई संपत्तियों के सबूत भी जब्त किए। अब तक की जांच में यह सामने आया है कि आरोपियों ने केवल कबीरधाम जिले में ही लगभग 1 करोड़ 39 लाख रुपये की ठगी की है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के बिलासपुर सहित अन्य जिलों में इनके खिलाफ कुल लगभग 50 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी के मामले सामने आए हैं। आरोपियों ने ठगी की रकम से बिलासपुर में 57 लाख रुपये की जमीन, कवर्धा में 1 करोड़ 10 लाख रुपये की भूमि, और टाटा हैरियर व अर्टिगा जैसी लग्ज़री गाड़ियां खरीदीं। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (आईपीएस) ने कहा आर्थिक अपराधियों के लिए छत्तीसगढ़ की धरती सुरक्षित नहीं है। निवेशकों को लूटने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजने का अनुरोध किया गया जा रहा है। कबीरधाम पुलिस की टीम ने कई जिलों में लगातार दबिश दी, बैंक ट्रांजेक्शन खंगाले और सबूतों को एक-एक कर जोड़ा, जिसके बाद यह बड़ी कार्रवाई संभव हो पाई। संपूर्ण कार्यवाही में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक लालजी सिन्हा, थाना पांडातराई प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, साइबर प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा, सहायक उपनिरीक्षक सुरेश जायसवाल, कौशल साहू, दर्शन साहू, संजीव साहू, प्रधान आरक्षक चुम्मन साहू, अभिनव तिवारी, वैभव कल्चुरी, बालेश धुर्वे, आरक्षक लेखा चंद्रवंशी, संदीप शुक्ला, अमित ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कोलेगांव सब स्टेशन में नये 3.15 एमव्हीए के पॉवर ट्रांसफार्मर को किया गया क्रियाशील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

कबीरधाम जिले के पंडरिया डिवीजन के ग्राम कोलेगांव में विद्यमान 33/11 केही उपकेन्द्र में 3.15 एमव्हीए के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत किया गया।

इस अवसर पर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट एवं अधीक्षण अभियंता कवर्धा वत्त रंजीत घोष ने इस कार्य को सफलतापूर्वक किए जाने पर ईई परियोजना आरके गोस्वामी, ईई एसटीएम एमके आर्या, सहायक अभियंता मनीष साहू, रविन्द्र राय, यशवंत कुमार ध्रुव, कनिष्ठ अभियंता सत्यम मरावी उनकी टीम की सराहना की है। गौरतलब है कि ग्रामीण अंचलों में समुचित वोल्टेज पर निर्बाध व गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अन्तर्गत विद्यमान उपकेन्द्रों में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। विद्युत विकास के इस कार्य से कोलेगांव उपकेन्द्र की पॉवर क्षमता 8.15 एमव्हीए से बढ़कर 11.30 एव्हीए हो गया है।



विद्युत कंपनी के उच्चाधिकारियों के अथक प्रयासों से विद्युत विकास के लिए स्वीकृत इस कार्य से कोलेगांव उपकेन्द्र के परिधि में आने वाले अनेक गांवों के किसानों तथा उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। कवर्धा परियोजना संभाग के कार्यपालन अभियंता आरके गोस्वामी ने बताया कि कोलेगांव उपकेन्द्र में 50 लाख रुपए की लागत से स्थापित नए 3.15 एमव्हीए का अतिक्ति पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकरण से 10 ग्राम कोलेगांव, सेमरकोना, निगापुर, कुआमलगी, अमलीमलगी, सोमनापुर, भटगुसे, कंझेटा, कंझेटी, पथर्री 2530 उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता की विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा।

उक्त कार्य से लो वोल्टेज एवं लोड शेडिंग जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी।

# सांसद ने केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात, महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण और स्वीकृति पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। वे संसद में महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाने के साथ-साथ विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर जनता की समस्याओं और क्षेत्रीय मांगों से उन्हें अवगत कराते रहते हैं। इसी क्रम में उन्होंने हाल ही में दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान सांसद श्री पाण्डेय ने कवर्धा–राजनांदगांव राज्य मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित कर चौड़ीकरण की मांग रखी। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए चौड़ी सड़क की आवश्यकता है। सांसद ने इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग-30 रायपुर–जबलपुर मार्ग अंतर्गत कवर्धा में नया बायपास निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि कवर्धा शहर में लगातार ट्रैफिक का दबाव बढ़ रहा है, जिससे आम नागरिकों और राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ती है। बायपास निर्माण से यातायात सुगम होगा और शहरवासियों को राहत मिलेगी। इसके अतिरिक्त, सांसद श्री पाण्डेय ने प्रस्तावित लखनादौन–बालाघाट–लांजी–रायपुर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे" का मुद्दा भी उठाया। लगभग 200 किलो मीटर लंबे और 5700 करोड़ रुपए की लागत वाले इस मार्ग को शीघ्र प्रारंभ करवाने का उन्होंने अनुरोध किया। यह मार्ग मध्यप्रदेश के सिवनी जिले से प्रारंभ होकर बालाघाट व लांजी होते हुए रायपुर को जोड़ेगा। इससे न केवल छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बीच सड़क संपर्क और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पर्यटन और सामाजिक विकास के भी नए अवसर खुलेंगे।केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए कहा कि आवश्यक तकनीकी और प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी होते ही इन योजनाओं पर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर बालाघाट सांसद भारती पारधी भी उपस्थित थीं।



# श्रावणमासी संगीतमय रामायण कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी किसान पारा बड़े बाजार साहू धर्मशाला में श्रावण मासी संगीतमय रामायण कथा का आयोजन किया गया था, जिसमें मानस-प्रेमी श्रद्धालुओं द्वारा भावपूर्ण कथा-अमृत का रसपान किया गया।

- नगरवासियों में भारी उत्साह और उमंग देखने को मिला

लोगों की श्रद्धा-भक्ति को देखते हुए कथा आयोजन समिति द्वारा श्रावन पूर्णिमा को होने वाली कथा-विश्राम को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी तक जारी रखा गया, जिसका कथा विश्राम जन्माष्टमी के दूसरे दिन हुआ। कथा श्रवण करने से हमे आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त होती है, आत्मा तृप्त होती हैं व अपने जीवन को कृतार्थ करते हैं। इससे हमारे परिवारिक व सामाजिक जीवन में सुख-शांति व समृद्धि आती है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर नगरवासियों में भारी उत्साह और उमंग देखने को मिला। कथावाचक के रूप में पं. कृष्णकान्त शर्मा, चंद्रमौली शर्मा व सेवानिवृत शिक्षक सुदामा प्रसाद केशरी थे। संगीतपक्ष में गेंदलाल केशरी, भागवत साहू, सीताराम साहू, कथा-आयोजन में प्रमुख सहयोगी के रूप में जगदीश साहू, खेलन साहू, वृजभूषण साहू, सांवत साहू, राधेलाल साहू, रामगुलाम साहू, शिव साहू, दशरथ जायसवाल, सन्तोष पटेल, सखा पटेल के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु थे।

## विकासखण्ड में स्वास्थ्य सेवाओं को मिला नया आयाम, लोगों को मिलेगी सुविधाएं

# स.लोहारा ब्लॉक की 10 स्वास्थ्य संस्थाएं राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक से प्रमाणित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स.लोहारा

सहसपुर लोहारा विकासखण्ड की स्वास्थ्य सेवाओं में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। विकासखण्ड के 10 आयुष्मान आरोग्य केन्द्र (स्वास्थ्य संस्थाएं) अब राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक से प्रमाणित हो चुकी हैं। सीएमएचओ डॉ. तुर्रे ने कहा कि यह उपलब्धि विकासखण्ड क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है और इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की साख और अधिक मजबूत हुई है। विकासखण्ड की साख में बढ़ोतरी, एनक्यूएएस प्रमाणन का अर्थ है कि इन स्वास्थ्य संस्थाओं में मरीजों की सुरक्षा, स्वच्छता, दवाओं और उपचार की उपलब्धता, प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों का सहयोग, स्टाफ का सकारात्मक व्यवहार, बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता तथा सेवा प्रदायगी की पारदर्शिता जैसे सभी पहलू उच्च स्तर पर सुनिश्चित किए गए हैं। इस प्रमाणन से कबीरधाम जिले का नाम न केवल राज्य स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी एक नई पहचान प्राप्त करेगा। सहसपुर लोहारा विकासखण्ड की खास भूमिका इस सफलता के पीछे सहसपुर लोहारा विकासखंड की विशेष भूमिका रही। यहां की स्वास्थ्य टीम ने लगातार प्रयास कर स्वास्थ्य संस्थाओं को गुणवत्ता मानकों पर खरा उतारा। प्रशिक्षण, संसाधनों का बेहतर उपयोग, नियमित निगरानी और मरीज-हितैषी वातावरण तैयार करना इस उपलब्धि की मुख्य नींव रही। जनप्रतिनिधियों और विभागीय प्रयासों का संयुक्त परिणाम, इस उपलब्धि को हासिल करने में जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों दोनों का अहम योगदान रहा। गृह मंत्री विजय शर्मा और क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा के मार्गदर्शन एवं सतत सहयोग ने इस कार्य को गति प्रदान की। वहीं, जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इसे जमीन पर उतारने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कलेक्टर गोपाल वर्मा , मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुर्रे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी, कंसल्टेंट डॉ. मुकुंद राव, एनक्यूएएस नोडल सुरेन्द्र चंद्रवंशी आरएमए, बीएमओ डॉ. योगेश साहू, बीपीएम सुश्री संगीता भगत,और बीडीएम जितेन्द्र देशमुख के नेतृत्व, मेहनत और समर्पण ने ही इस प्रमाणन को संभव बनाया। प्रमाणित संस्थाओं की सूची में आयुष्मान आरोग्य केन्द्र रणजीतपुर, आयुष्मान आरोग्य केन्द्र गैंदपुर, आयुष्मान आरोग्य केन्द्र्र सिंघनपुरी, आयुष्मान आरोग्य केन्द्र कोयलारी, आयुष्मान आरोग्य केन्द्र मोहगांव, आयुष्मान आरोग्य केन्द्र बाजार चारभाठा, आयुष्मान आरोग्य केन्द्र महराटोला, आयुष्मान आरोग्य केन्द्र गोछिया, आयुष्मान आरोग्य केन्द्र वीरेंद्रनगर तथा आयुष्मान आरोग्य केन्द्र दनियाखुर्द शामिल हैं। इससे ग्रामीण जनता को होगा सीधा लाभ, इन 10 संस्थाओं के राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित हो जाने से ग्रामीण जनता को अब अपने ही क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। गर्भवती महिलाएं, नवजात शिशु, बुजुर्ग और गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों को अब छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जिला अस्पताल का रुख नहीं करना पड़ेगा।



# एनएचएम संघ की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी, स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

18 अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल में बैठक जिलेभर के एनएचएम की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। हड़ताली एनएचएम की माने उनके हड़ताल में जाने के बाद लगभग 80 प्रतिशत उप स्वास्थ्य केंद्र से लेकर जिला अस्पताल तक मरीज भटकते हुए नजर आ रहे हैं। किसी का खून जांच नहीं हो रहा है तो किसी को एक्स-रे के लिए भटकना पड़ रहा है। खासकर ग्रामीण और वनांचल ईलाकों में संचालित स्वास्थ्य केन्द्रों में व्यवस्थाएं प्रभावित होते दिखाई दे रही है। हड़ताली एनएचएम ने बताया कि सरकार के अड़ियल रवैया के कारण मजबूर होकर हड़ताल के दूसरे दिन भी बैठे हैं। उन्होने कहा कि कर्मचारी हड़ताल में शामिल नही होना चाहते थे पर शासन के अड़ियल रवैया के कारण हड़ताल में शामिल हुए हैं जिस कारण आज समस्त अस्पताल में ताला लगा हुआ है। वैक्सीनेशन तक नहीं हो पा रहा है। एनएचएम संघ का कहना है कि 20 वर्ष हो गया है आश्वाशन से अब तक बीपीएल वर्ग में काम कर रहे है। उन्होने चेतावनी देते हुए कहा कि इस बार आश्वासन से नहीं अब लिखित में आदेश चाहिए तभी हड़ताल से उठेंगे।



# सरकारी योजनाओं का सभी हितग्राहियों को लाभ दिलाएं अधिकारी

## मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग को कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- गौधाम योजना के सफल क्रियान्वयन पर दिया जोर

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मंगलवार को जिला कार्यालय के दिशा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली।

उन्होंने शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी जिम्मेदारियां संवेदनशीलता और पूर्ण क्षमता के साथ निभाई जाएं। कलेक्टर ने कहा कि विभागीय लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारी अपने अधीनस्थ अमले के साथ जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करें। बैठक में कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूरे होने पर आयोजित हो रहे रजत महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि जिले की उपलब्धियों और विकास कार्यों को प्रदर्शित करने के लिए हमर धरोहर, हमर गौरव, पुरखा के सुरता, हमर संस्कृति जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। कलेक्टर ने स्वास्थ्य अमले को निर्देशित किया कि मौसमी बीमारियों और जल जनित रोगों पर विशेष निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति से निपटने के लिए जीवन रक्षक दवाइयों और उपचार व्यवस्था दुरुस्त रहे।



### गौधाम योजना पर विशेष जोर

बैठक में गौधाम योजना को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर शुरू हो रही यह योजना पशुधन की सुरक्षा, नस्ल सुधार, जैविक खेती, चारा विकास और गौ-आधारित उद्योगों को बढ़ावा देगी। योजना के तहत चरवाहों और गौसेवकों को मासिक मानदेय दिया जाएगा। प्रत्येक गौधाम में अधिकतम 200 पशुओं की व्यवस्था होगी। वहीं, उत्कृष्ट गौधाम को वहां मौजूद पशुओं की संख्या के आधार पर विशेष अनुदान दिया जाएगा। चारा विकास के लिए भी प्रति एकड़ 47 हजार रुपए तक की राशि का प्रावधान है। कलेक्टर ने बताया कि गौधाम योजना खास तौर पर अवैध परिवहन में पकड़े गए और घुमंतु पशुओं की सुरक्षा के लिए तैयार की गई है।

## खबर संक्षेप

### पीपरमाटी में दो दिवसीय श्रीराम नाम संकीर्तन का आयोजन 23 अगस्त से

**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पीपरमाटी में 23 व 24 अगस्त दो दिवसीय भगवान श्रीरामचंद्र की असीम कृपा व समस्त ग्रामवासी के सहयोग से दो दिवसीय 24 घंटे का श्रीराम नाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समस्त ग्रामवासी पीपरमाटी द्वारा आसपास के ग्रामीण जनों व संकीर्तन मंडली को अधिक से अधिक संख्या में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने आमंत्रित किया गया। समस्त ग्रामवासियों ने श्रीराम नाम हरि संकीर्तन कार्यक्रम में उपस्थित होकर सहयोग की अपील की गई वहीं आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में खुशी का माहौल व तैयारी जोर शोर से की जा रही है।

### 17वीं वाहिनी में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया

**कवर्धा।** जिले के बोड़ला ब्लॉक अंतर्गत स्थित 17वीं वाहिनी में 79 वां स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त हर्षोल्लास, उमंग व उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सेनानी कमलेश्वर प्रसाद चंदेल द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं उप सेनानी प्रमोद गुप्ता श्रीमती मोनिका सिंह परिहार, सहायक सेनानी तथा बद्रीनाथ मिश्रा सहायक सेनानी व सभी शाखाओं के प्रभारी अधिकारी-कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिकों व बच्चों की उपस्थिति में राष्ट्रगान व भारत माता की जयकारे के साथ वीर शहीदों को पुष्पा अर्पित कर नमन किया गया। उन्होने आजादी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए त्याग, न्याय, शांति, सत्य के रास्ते पर चलने, देश में सद्भावना, सर्व-धर्म समभाव के सिद्धांत को बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। उप सेनानी द्वारा आमजन में देशभक्ति की भावना विकसित करने विभिन्न गतिविधियों व कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को उचित पुरस्कार एवं मोमेन्टों से पुरस्कृत किया गया।

### काशी में खिले सफेद फूल ग्रामीणों ने माना बारिश की विदाई का संकेत

**बरबसपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों के खेत-खलिहान, नहर-नाली और खेतों के मेड़ पर इन दिनों काशी के सफेद फूलों की बहार छा गई है। मानो प्रकृति ने खेतों और नदी-नालों पर सफेद चादर ओढ़ा दी हो। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार व परंपरागत मान्यता है कि काशी में सफेद फूलों का खिलना अर्थात वर्षा ऋतु की विदाई का संकेत होता है। मान्यता है कि जैसे-जैसे काशी सफेद फूल खिलते हैं, वैसे-वैसे झमाझम बारिश की झड़ी भी लगती है। किंतु इसके साथ ही यह भी माना जाता है कि इन फूलों के आने के बाद वर्षा धीरे-धीरे अलविदा कहने लगती है। हालांकि बदलते समय और वैज्ञानिक युग में अब यह कहावत पूरी तरह सही साबित नहीं होती। ग्रामीणों किसानों से मिली जानकारी अनुसार पहले जहां काशी में सफेद फूल आने के बाद वर्षा थमने लगती थी, वहीं अब बरसात का सिलसिला लंबे समय तक खिंच जाता है। स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि गणेश चतुर्थी व विसर्जन और पितृ पक्ष में अक्सर बारिश अधिक होती है, जबकि वास्तविक विदाई दशहरा और दीपावली के आसपास ही मानी जाने लगी है। यही कारण है कि पारंपरिक मान्यताएं अब धीरे-धीरे बदल रही हैं और किसान भी असमंजस में पड़ जाते हैं।

## समस्या : बस स्टैंड परिसर में अघोषित हाट-बाजार, जिम्मेदार बेपरवाह

# बस स्टैंड प्रतीक्षालय में दुकानदारों का अतिक्रमण, यात्रीगण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

कवर्धा शहर के हृदय स्थल सिग्नल चौक, वीर स्तंभ चौक के पास स्थित राजा धर्मराज सिंह बस स्टैंड इन दिनों अव्यवस्था और अतिक्रमण की मार झेल रहा है। प्रतीक्षालय परिसर जो यात्रियों की सुविधा के लिए बनाया गया था, वहां अवैध दुकानों और ठेला-खोमचों ने कब्जा जमा लिया है। नतीजा यह है कि बस से चढ़ने-उतरने और प्रतीक्षा करने में यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। असामाजिक तत्वों द्वारा किए जा रहे बेजा कब्जों के चलते बस स्टैंड परिसर में भीड़भाड़ बढ़ गई है और आवागमन बाधित हो रहा है। फल दुकानें और खोमचे सड़कों व प्रतीक्षालय क्षेत्र में फैल जाने से यात्रियों के लिए चलने-फिरने की जगह कम पड़ गई है। यात्रियों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण बसों के आगमन और प्रस्थान के समय अफरा-तफरी जैसी स्थिति बन जाती है। खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने प्रशासन से मांग की है कि बस स्टैंड परिसर से अवैध अतिक्रमण हटाकर यातायात को सुचारु बनाया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।



### बस स्टैंड प्रतीक्षालय परिषर में पीने का पानी उपलब्ध नहीं

शहर के बस स्टैंड प्रतिक्षालय परिषर में यात्री सुविधा की अभाव के साथ साथ यात्रियों को पीने के लिए पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। सफर पर जाते समय जो यात्री घर से पानी का इंतजाम करके नहीं ले गया उसे बोतल या पानी पाउच खरीदने मजबूर है।

### बस स्टैंड में गंदगी ही गंदगी, यात्री परेशान

जिले के बस स्टैंड प्रतिक्षालय भवन परिषर में साफ-सफाई के अभाव में बस स्टैंड में गंदगी ही गंदगी पसरा हुआ है। प्रतिक्षालय भवन परिषर में साफ-सफाई नहीं होने से गंदगी व बदबू से उठने वाली दुर्गंध से यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।



## श्रीरामकृष्ण मंदिर में भगवान का नौका विहार, श्रद्धालुओं ने लिया पुण्य लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

जन्माष्टमी महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार को श्रीरामकृष्ण मंदिर नवागढ़ में भगवान श्रीकृष्ण का भव्य नौका विहार आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। भगवान को आकर्षक श्रृंगार और अलंकरण के साथ सुसज्जित नौका पर विराजित किया गया।

भक्तों ने भजनों और कीर्तन के बीच भगवान का जल विहार देखा और जयकारों के साथ आयोजन में सहभागी बने। नौका विहार देखने नगर ही नहीं, बल्कि आसपास के गांवों से भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। आयोजन की सफलता में महंत श्री सुरेंद्र दास, वास्थापक लक्ष्मीचंद जैन, पुजारी गंगा दास की प्रमुख भूमिका रही। साथ ही मिथलेश बिसेन, बबलू ताम्रकार, कृष्णकुमार मिश्रा, कुमार वर्मा, खेलन यादव, रामनारायण पाठक, शिवनारायण पाठक,बॉबी वर्मा, विनोद मिश्रा, सोम जैन, प्रज्ञान वर्मा, लक्की, दिवाकर सिंह परिहार, अरुण राजू यादव, प्रहलाद बादल सहित अनेक भक्तों ने सक्रिय सहयोग दिया। मंदिर समिति ने बताया कि नौका विहार परंपरा हर वर्ष आयोजित होती है और श्रद्धालुओं के लिए यह विशेष आकर्षण का केंद्र रहती है। इस वर्ष भी भक्तों ने उल्लास और श्रद्धा के साथ भगवान के नौका विहार का आनंद लिया।



## मिलन राम बने कबीर धर्मदास वंशावली जिला दुर्ग के प्रमुख प्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

सद्गुरु कबीर आश्रम बेरला के नवयुवक मंडल के सक्रिय कार्यकर्ता मिलन राम साहू मोहरेंगा को सर्वसम्मति से कबीर धर्मदास वंशावली जिला दुर्ग का प्रमुख प्रतिनिधि नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर तहसील प्रतिनिधि द्वारका साहू, प्रमुख प्रतिनिधि रामसोहगील साहू, सह-प्रतिनिधि रवि साहू, युवा प्रतिनिधि डोमार साहू, सहपरोपकारी सुशील कुमार साहू, महिला प्रतिनिधि जमुना माई सहित महंत अनुप साहेब, तोरन साहेब, रामनाथ साहेब, कामता साहेब, हिरेंद्र साहेब, आनंद साहेब, शीतल साहेब की भी घोषणा की गई। कार्यक्रम में बेमेतरा जिला प्रतिनिधि गण एवन वर्मा, अनिल वर्मा, रवि वर्मा, महंत संतोष दास साहेब, महंत पुनीत दास, मोहित, दुर्गेश, तखतराम साहू समेत समाजजन मौजूद रहे। प्रतिनिधियों ने शपथ लेते हुए कहा कि हम तन-मन-धन से कबीर पंथ, जीव दया और आत्म पूजा की सेवा करेंगे और सभी को साथ लेकर चलेंगे।

## रिवापार में धान फसल को चट कर रहे मवेशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पोंड़ी

बोड़ला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम रिवापार में किसानों की फसल में आवारा गौवंश किसानों के लिए बड़ी समस्या बन गए हैं। खेतों में खड़ी फसलों को गौवंशों का झुंड फसल को भारी नुकसान पहुंचा रहा है।

किसानों से मिली जानकारी के अनुसार किसानों का कहना है कि कल सुबह में करीब 40 गौ-माता को गौशाला छोड़ने जा रहे थे, तभी बोड़ला पहुंचते ही बजरंग दल व बोड़ला पुलिस ने किसानों को गौशाला जाने से मना कर दिया, जिस पर किसानों ने कहा कि ये गौमाता के लिए आप ही लोग व्यवस्था कीजिए, इन गौ-माताओं से फसल की भारी नुकसान हो रहा है। जिस पर बजरंग दल के सदस्य पुलिस का धौंस दिखाते हुए गौवंश को वापस लौटा दिए। जिस पर किसानों का कहना है कि भारी फसल नुकसान हुआ है उन किसानो की फसल की भरपाई कौन करेगा? आखिर गौरक्षा व हमारी फसल की रक्षा किनकी जवाबदारी होगी आज यही गौ-माता रोड में इधर उधर भटकने मजबूर है। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार जंगल के खाली जगह में जल्द बनाए गौ अभ्यारण्य, जिससे गौमाता को रखने में सुविधा हो।



### गौवंश सड़क दुर्घटना के हो रहे शिकार

बोड़ला ब्लॉक के ग्राम रिवापार में गौ-माता के फसल में जाने से किसानों को भारी नुकसान हुई है। वहीं सड़कों पर गौवंश की जमावड़ा से गौमाता सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहे है। आखिर गौ-रक्षा करेगा कौन? यहां बताना लाजिमी होगा कि किसानों की माने तो बारिश के महीने में पानी की कमी, ऊपर से जैसे-तैसे फसल को बचा कर रख लिया जा रहा है तो गौ माताओं से परेशानी हो रही है। अतः नुकसान दोनों तरफ से है। किसानों को है करे तो क्या करे? किसानों का कहना है कि सरकार लाखों खर्च कर महतारी सदन बना रहे, लेकिन समस्त मानव समाज, गौमाता को माता कह कर पुकारते हैं इनकी कोई व्यवस्था नहीं है। महतारी सदन की नहीं बल्कि गौ सदन की जरूरत है।

## स्वतंत्रता दिवस पर कॉलेज में हुआ ध्वजारोहण देशभक्ति गीतों ने बांधा समां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

शासकीय कोदूराम दलित कॉलेज नवागढ़ में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गिरीश कांत पांडेय ने ध्वज फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर वीर शहीदों को याद किया गया और भारत माता तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तेलचित्र पर माल्यार्पण किया गया।

प्राचार्य डॉ. पांडेय ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी का महत्व समझना और पर्यावरण की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से सराबोर गीत, कविता और भाषण प्रस्तुत कर माहौल को भावनाओं से भर दिया। वहीं, रंग-बिरंगी रंगोलियों ने भी कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र बनीं। ध्वजारोहण कार्यक्रम में कॉलेज के सभी प्राध्यापक एवं कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दो दिवसीय श्रीराम नाम संकीर्तन का आयोजन कल से

**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम मोहतरा कला में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भगवान प्रभु श्रीराम की कृपा से दो दिवसीय 24 घंटे श्रीराम नाम संकीर्तन का आयोजन 21 से 22 अगस्त तक किया जाएगा।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र बेमेतरा जिला के अंतर्गत
देवकर, मारो, बेरला, नांदघाट, देवरबीजा में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, बेमेतरा
रायपुर रोड चाचा प्रॉपर्टी के पास
मो. 8319154342
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8224868411

## नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**पंडरिया।** पंडरिया थाना क्षेत्रांतर्गत प्रार्थी राजेश कुमार धुर्वे ने थाना पंडरिया आकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया की आरोपी पवन कुमार कुर्रे पिता दूजराम निवासी ग्राम दामापुर थाना पंडरिया द्वारा उसकी पत्नी को शासकीय आयुर्वेदिक नर्स की नौकरी लगाने के नाम पर अलग-अलग माध्यम से लाखों रूपए ले लिया है और आज दिनांक तक पैसा मांगने पर वापस नहीं कर रहा है।




वही प्रार्थी द्वारा आवेदन देकर थाना पंडरिया में अपराध क्रमांक 175/2025 धारा 318 (4 ) दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल द्वारा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पुलिस भूपत सिंह के पर्यवेक्षक में थाना प्रभारी नितिन कुमार तिवारी द्वारा पवन कुमार कुर्रे पिता दूजराम कुर्रे को थाना पंडरिया में लाकर पूछताछ किया गया। पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी पवन कुमार कुर्रे एक शातिर किस्म का अपराधी है, वह इससे पूर्व में भी ठगी संबंधी अपराध घटित कर चुका है।

